भारत सरकार

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र

अहमदाबाद

# हिन्दी माह समारोह – 2013

## हिंदी टिप्पण व आलेखन प्रतियोगिता

**हिंदीतर भाषा वर्ग**

---

**दिनांक : 02.09.13(सोमवार) समय : 1 घंटा (1430 से 1530 बजे) कुल अंक : 100**

हिंदीतर भाषा वर्ग : जिनकी मातृभाषा गुजराती, मराठी, बंगाली, मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, उड़िया व अन्य जो हिंदी भाषा वर्ग में न हो ।

प्र.1 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच को हिंदी में लिखिए। (10)

1. Basic Pay.
2. All India Radio.
3. Please Speak.
4. Data Compilation.
5. Submitted for information.
6. Documentary.

प्र.2 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच को अंग्रेजी में लिखिए। (10)

1. मुद्रास्फीति।
2. केंद्रीय वैज्ञानिक यंत्र संगठन।
3. कृपया पिछली टिप्पणियाँ देख लें।
4. जारी किया जाय।
5. प्रायोगिक परियोजना।
6. सामाजिक अनुसन्धान प्रभाग।

प्र.3 निम्न लिखित वाक्य/शब्द समूहों में से किन्ही पाँच के लिए एक शब्द लिखिए। (10)

1. धरती और आकाश के बीच का स्थान।

2. सीमा का अनुचित उल्लंघन।
3. जिसके विषय में लिखना आवश्यक हो।
4. तीव्र गति से जाने वाला।
5. उच्च न्यायालय का न्यायाधीश।
6. विज्ञान का विद्वान।

प्र.4 निम्न लिखित शब्दों को शुद्ध करें । (05)

1. तपमापी
2. सौकीन
3. दुरभाष
4. मात्रभाषा
5. वरियतासूचि

प्र.5 निम्नलिखित में से किन्ही पाँच मुहावरों का अर्थ लिखें व उन्हें वाक्यों में प्रयोग करें।

(15)

1. झूठ के पांव नहीं होते।
2. थोथा चना, बाजै घना।
3. ऊँची दुकान, फीके पकवान।
4. आसमान टूटना।
5. अपना सिक्का जमाना।
6. इधर-उधर करना।

प्र.6 निम्नलिखित विषयों में से किन्ही तीन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। (50-60 शब्दों में) (15)

1. राज्यों का विभाजन
2. रूपये की गिरती कीमत
3. खेलों में भृष्टाचार
4. प्रशासनिक कार्यों में सतत अध्ययन की भूमिका
5. वैज्ञानिक और अनुशासन

प्र.7 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (15)

किसी भी क्षण आप शांत व एकांत जगह पर बैठकर उस क्षण की कल्पना करें, जब आपने किसी व्यक्ति की मदद की थी। आपको उस पहले क्षण में जो प्यार हुआ, उसकी अनुभूति होगी और आपके शरीर में अजीब तरह की गुदगुदी होने लगेगी। अगर आप कुछ भी नहीं कर सकते तो कम से कम असहाय व्यक्तियों का प्यार भरी मुस्कान से अभिवादन करें, उनके दुःख की दास्तान सुनें, उनके साथ थोड़ा समय बिताएं। अगर आप बिना कोई पैसा खर्च किये भी अस्पताल में असहाय व्यक्तियों के साथ बातचीत करते है, या उनकी मदद करते हैं, तो आप पाएंगे की आपको उनसे पहली ही नज़र में प्यार हो गया है। यह प्यार आपको अपने जीवन में एक नयी स्फूर्ति देगा, एक नया आनन्द देगा, और आपको स्वयं से प्यार हो जायेगा जो व्यावहारिक रूप से आपको अध्यात्म की तरफ ले जायेगा। शायद यही जीवन का लक्ष्य है।

**प्रश्न:**

(1) इस गद्यांश को एक उचित शीर्षक दीजिए।
(2) "बिना कोई पैसा खर्च किये" आप कैसे आनंद की अनुभूति कर सकते है?
(3) असहाय व्यक्तियों की सहायता से क्या होगा?
(4) "अजीब तरह की गुदगुदी" से लेखक का क्या आशय है?
(5) लेखक के अनुसार जीवन का क्या लक्ष्य है?

प्र.8 अपने अनुभाग / प्रभाग की किसी विशेष उपलब्धि को दर्शाता एक परिपत्र तैयार करें । (10)

**अथवा**

एक वैवाहिक विज्ञापन तैयार करें । (10)

प्र.9 परिवहन व्यवस्था के केंद्रीयकृत होने पर अपने विचार एवं सुझाव देता हुआ एक पत्र केन्द्र निदेशक को लिखें । (10)

*****